# एनआईटी से स्टेबिलिटी टेस्ट के बाद हाउसिंग बोर्ड की पुरानी टंकियॉ को तोड़ा जाएगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 02 में स्थित हाउसिंग बोर्ड में लगभग 50 वर्ष पूर्व जल आपूर्ति के लिए पानी टंकी बनाया गया था। जो अब पुरानी हो गई है, कुछ पानी टंकियों से पानी लिकेज की भी शिकायत आ रही है। सीमेंट छोड़कर गिर रहा है, उसको देखते हुए नगर निगम भिलाई द्वारा वहां पर निर्मित पानी सप्लाई करने के लिए नई पानी टंकियॉ बना दी गई है। लेकिन अभी भी पुरानी टंकियों से पानी सप्लाई की जा रही है। नई टंकियॉ शीध्र ही चालू कर दी जाएगी, पुरानी टंकियों से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसलिए उसे डिस्मेंटल किया जाएगा। उसको तोड़ने से पहले नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्टेबिलिटी प्रतिवेदन लिया जाएगा। पानी टंकी की वास्तविक स्थिति क्या है। उसकी मजबूती किस प्रकार की है, टंकिया उपयोग के लायक है या नहीं। इन सब के प्रतिवेदन आने के बाद उसे तोड़ा जाएगा। आज नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अभियंतागणो को लेकर पानी टंकियों का अवलोकन करने गए। उन्होने निर्देश दिया कि सर्वप्रथमम यह ध्यान दिया जाए कि पानी सप्लाई पर्याप्त मात्रा में हो। जल आपूर्ति में किसी प्रकार का अवरोध न हो। अगर कहीं दिक्कत होगी, तो उसको ठीक करने के बाद ही टंकियॉ तोड़ा जाएगा। टंकियों को इस प्रकार से तोड़ा जाए, इसमें किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो। क्योकि उसके चारो तरफ लम्बी बसावट हो गई है, टंकी को सावधानीपूर्वक तोड़ना पड़ेगा। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो, पीली पानी टंकी को तो हटाया जा चुका है अब हरी और लाल पानी टंकी बची हुई है। यह देखने में आया कि कुछ लोगो द्वारा वहां पर गेराज बनाकर गांड़ियॉ खड़ी की जा रही है। उसे भी हटाना पड़ेगा, जिससे कोई दुर्घटना ना हो। भ्रमण के दौरान पार्षद पीयूष मिश्रा, नोहर वर्मा, प्रदीप सेन, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, उपअभियंता अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

